कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक / 3347 / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2024 रायपुर, दिनांक 08 / 10 / 2024

"चयनित / प्रतिक्षारत् आवेदक की सूची का प्रकाशन"

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक भागीदारी में किफायती आवास (AHP) अंतर्गत् स्वीकृत परियोजना 280 कोटा में निर्मित / निर्माणाधीन फ्लैटों में से "मोर मकान–मोर आस" योजनातंर्गत् 194 नग फ्लैट आबंटन हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन क्र. 06 / 2023, दिनांक 15 / 09 / 2023 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें कुल 440 आवेदन प्राप्त हुए। पात्र / अपात्र आवेदनों की प्राथमिक सूची, दिनांक 15 / 01 / 2024 को नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट में ऑनलाईन जारी की गई। जिनमे से कुल 440 आवेदकों में से 186 आवेदकों को प्रथम चरण के पात्र सूची मे रखा गया था एवं 211 आवेदकों को मूल निवासी प्रमाण पत्र मे छूट प्रदान कर द्वितीय चरण के पात्र सूची मे रखा गया था , शेष 43 आवेदको को अंतिम रूप से अपात्र सूची मे रखा गया था। द्वितीय चरण के पात्र आवेदको के प्रतीक्षा क्रमांक के निर्धारण हेतु नामजद लॉटरी दिनांक 23 / 02 / 2024 को की गयी।

तत्पश्चात् समस्त पात्र 194 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जमा करने हेतु पत्र क्रमांक / 7575 / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2024 दिनांक 27 / 02 / 2024 को जारी किया गया था तत्पश्चात प्रतीक्षासूची के क्रमांक 139 तक के हितग्राहियो को प्रथम किश्त की राशि पत्र क्रमांक 7950 / न.पा. नि / PMAY-HFA / 2024 दिनांक 21 / 05 / 2024 के माध्यम से जमा किये जाने हेतु जारी किया गया। वर्तमान स्थिति मे 194 आवासो के विरूद्व 194 आवेदको को आवास आबंटित किया जा चुका था परन्तु 01 हितग्राही द्वारा अन्य परियोजना स्थल में परिवर्तन कराये जाने के कारण 01 आवास रिक्त है। शेष 01 आवास के आबंटन हेतु प्रतीक्षासूची के आवेदक को अवसर प्रदान किया जाना है ।

अतः प्रतीक्षारत सूची के क्रमांक 140 के आवेदक को सूचित किया जाता है कि दिनांक **15 / 10 / 2024** तक आवास आबंटन हेतु नगर पालिक निगम, रायपुर के **कक्ष क्र. 402 / 107** में उपस्थित होकर हितग्राही अंशदान जमा करना सुनिश्चित करें। हितग्राही द्वारा हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने के उपरांत ही लॉटरी के माध्यम से ब्लॉक एवं फ्लैट नम्बर प्रदान किया जावेगा।

उक्त विषय में अधिक जानकारी / पुछताछ / सहयोग / मार्ग–दर्शन हेतु निगम मुख्यालय के कक्ष क्र. 402 स्थित हेल्प डेस्क में उपस्थित होकर अथवा हेल्पलाईन नम्बर 📞 72477–53255 में संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर